देवसंघ इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेसनल स्टडीज एंड एजुकेशनल रिसर्च, देवघर में विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला में पद्मश्री प्रोफेसर रामजीसिंह का व्याख्यान



देवसंघ इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेसनल स्टडीज एंड एजुकेशनल रिसर्च, देवघर, झारखंड द्वारा आयोजित किये जाने वाले विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला की 5वीं व्याख्यानमाला दिनांक 28 मार्च 2022 को ऑन लाइन मोड में आयोजित किया गया जिसमें 'शिक्षा की वर्तमान चुनौतियाँ एवं गांधीवादी समाधान' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक पद्मश्री प्रोफेसर रामजीसिंह ने महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र – अध्यापिकाओं के समक्ष सारगर्भित उदबोधन प्रस्तुत किया।

शिक्षा की चुनौतियों के संदर्भ में उन्होने तीन मुख्य बातों को साधने को शिक्षा की चुनौती माना –

- पूर्ण साक्षरता को प्राप्त करना
- रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था करना
- नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्य प्राप्त करना

उपरोक्त तीनो चुनौतियों के संदर्भ में विस्तार से बात करते हुए प्रोफेसर रामजीसिंह ने इसके समाधान के संदर्भ में गांधी जी के विचारों को प्रासंगिक बताया। उदबोधन के पश्चात् प्रश्नोत्तर काल भी काफी रोचक रहा जिसमें जिज्ञासु श्रोताओं के बीच से उठे प्रश्नों का पद्मश्री रामजी सिंह ने उत्तर देकर सभी की जिज्ञासा शांत की। `

धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही व्याख्यानमाला कार्यक्रम का समापन हुआ।